दो लेन के बनाएं जाएंगे नए घोषित 15 स्टेट हाईवे

वढ़ेगी रफ्तार

शासन ने दी मंजूरी, 430 करोड़ रुपये की आएगी लागत, कुल 255 किमी की लंबाई में 7 मीटर से ज्यादा चौड़े होंगे लेन

अजीत बिसारिया

लखनऊ। आवागमन की सुविधा बेहतर बनाने और भविष्य की जरूरतों को देखते हुए यूपी सरकार नए घोषित 15 स्टेट हाईवे को दो लेन करने जा रही है। शासन ने इसकी मंजूरी दे दी है। इन परियोजनाओं पर करीब 430 करोड़ रुपये की लागत आएगी। शासन ने संबंधित एस्टीमेट को मंजूरी दे दी है। इससे न सिर्फ आवागमन की सुविधा बेहतर होगी, बल्कि कारोबार और रोजगार के अवसरों में भी वृद्धि होगी।

प्रदेश सरकार ने वर्ष 2019-20 और 2020-21 में कुल 67 सड़कों को राज्य राजमार्ग (स्टेट हाईवे) का दर्जा दिया। इन मार्गों की कुल लंबाई 5400 किमी है।

आवागमन में मिलेगी सुविधा, कारोबार के साथ रोजगार में होगी वृद्धि

इन सड़कों का 1317 किमी हिस्सा दो लेन नहीं है। यानी, 7 मीटर से कम चौड़ा है। जबकि, शेष 4083 किलोमीटर लंबा हिस्सा 7 मीटर या उससे अधिक चौड़ा है।

नए घोषित सभी स्टेट हाईवे को दो लेन करने का फैसला किया गया है। पहले चरण में 15 स्टेट हाईवे चौड़े किए जाएंगे। इनमें कुल 254.942 किलोमीटर लंबाई में ये लेन 7 मीटर चौड़े होंगे। पीडब्ल्यूडी अधिकारियों का कहना है कि नए घोषित शेष राज्य राजमार्गों का जो हिस्सा फोरलेन नहीं है, उनके लिए भी एस्टीमेट तैयार करने के निर्देश दे दिए गए हैं। अगले चरण में उन्हें भी शामिल कर लिया जाएगा।

ये मार्ग किए जाएंगे टू-लेन

- एटा-कायमगंज-फर्रुखाबाद मार्ग
- मथुरा-सदाबाद-जलेसर मार्ग
- बुधनपुर-दीदारगंज से मेहनाजपुर औरिहर मार्ग (आजमगढ़)
- पुवायां-तिलहर-दातागंज-बदायूं मार्ग
- भेलसर-रामनगर-महमूदाबाद मार्ग (बाराबंकी)
- अकबरपुर-चंदनपट्टी-देहलुपुर मार्ग (सुल्तानपुर)
- गुरसराय-टीकमगढ़ मार्ग (झांसी)
- देवगढ़-ललितपुर-टीकमगढ़ मार्ग
- बबेरू-टिंडवारी-सुमेरपुर मार्ग (हमीपुर-बांदा)
- मेंहदीघाट-संडीला-भाटपुर मार्ग (हरदोई-सीतापुर)
- बिलग्राम-सांडी-अलीगंज मार्ग (हरदोई)
- नेरी सिधौली-महमूदाबाद मार्ग (सीतापुर)
- महोली-हरगांव-लहरपुर मार्ग (सीतापुर)
- कोसी-गोबर्धन-सौंख-फरहा मार्ग (मथुरा)
- फिरोजाबाद-फतेहाबाद-भरतपुर मार्ग

अच्छी सड़कों के लिए वचनबद्ध

हमारी सरकार जनता के लिए अच्छी सड़कें देने के लिए वचनबद्ध है। इसी के तहत नए घोषित स्टेट हाईवे को चौड़ा किया जा रहा है।
-केशव प्रसाद मौर्य, उप मुख्यमंत्री